ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

स्वच्छ भारत

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक 23.11.2020

- स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज दिनांक 23.11.2020 को मो0 अटां चमकनी,बाडूजई पेशावरी,मोहम्मद जगंला एवं किला में चलाया गया वॉक–टॉक एण्ड रिजॉल्व कार्यक्रम।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 23.11.2020 को अमृत योजना के अन्तर्गत फेज–1 जोन 6बी के निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक के लिये मो0 रेती में दबा नाला के पास नलकूप के लिये किया गया भूमि पूजन।
- बेटी बचाओं–बेटी पढाओं अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु नगर निगम द्वारा आज दिनांक 23.11.2020 को विकास भवन से निकाली गई रैली।

1– जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता के घर पर उपलब्ध कराने के उददे्श्य से नगर निगम द्वारा वॉक–टॉक एवं रिजाल्व क़ा अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम नियमित रूप से प्रत्येक सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चलाया जा रहा है, जिसका नेतृत्व सम्बन्धित जोनल अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान कर रहे है। जोन–1 के मो0 बाडुजई पेशावरी में सहायक अभियंता प्रकाश श्री नरेश कुमार एवं जलकल से श्री रमाकांन्त दीक्षित,राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई नायक रमेश एवं प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित रही। टीम द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात पेयजल,प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त 08 प्रकरणो में से 05 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराये जाने निर्देशित किया गया। ज़ोन–2 मोहम्मद जगंला में जोनल अधिकारी श्रीमती रश्मि भारती, श्री नरेश कुमार सहायक अभियन्ता (वि.यं0) श्री विक्रमाजीत यादव अवर अभियन्ता (सिविल),श्री राजमंगल सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री सुनील कुमार,राजस्व निरीक्षक, टी0सी0 श्री धम्रेद्र कुमार,श्री मोहम्मदीन, सफाई नायक श्री नन्हे तथा पथ प्रकाश की टीम उपस्थित रही। जोन–3 मो0 किला में राजस्व निरीक्षक श्री तुषार त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित रही। जोन–4– मो0 अटां चमकनी में नगर आयुक्त महोदय श्री सन्तोष कुमार शर्मा जी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया एवं नगर वासियो से अपील की गई कि निर्घारित तिथि पर नगर निगम की टीम के पहुँचने पर मोहल्ले से सम्बन्धित समस्याओ का संज्ञान करावे, जिससे उनका तत्काल निस्तारण कराये जा सके। भ्रमण के दौरान गलियों में गन्दगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये नगर आुक्त महोदय ने सफाई नायक की फटकार लगाते हुये तत्काल रुप से सफाई कराने के निर्देश दिये। क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा अवैध रुप से किये गये अतिक्रमण को देख तत्काल हटाने के लिये निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने क्षेत्र के लागों से हाउस टैक्स व वाटर टैक्स जमा करने हेतु एवं मोहल्लों में

Generated by CamScanner

दुकानदारों से पॉलीथीन का उपयोग न करने की अपील की। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात प्रकाश एवं सफाई के सम्बन्ध में 08 प्रकरणो में से 05 का निस्तारण कराया गया एवं शेष का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मो0 अटां चमकनी में ट्रान्सफार्मर के पास कूडाघर निर्मित करने हेतु,पुलिस चौकी बहादुरगजं के पास बने शौचालय को मरम्मत कर संचालित करने तथा मन्दिर के पास सोलर लाइट लगाने हेतु संबधित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये। तथा मॉग से सम्बन्धित बिन्दुओ को संकलित कर अग्रतेर कार्यवाही हेतु अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई।इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी श्री अंगद गुप्ता, सहायक अभियंता जल श्री पी0के0 सिंह,सहायक अभियंता निर्माण श्री मोद नारायण झा,श्री विपुल कुमार, राजस्व निरीक्षक श्री शिवपूजन सिंह एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील शाक्य, सफाई नायक प्रेम शंकर एवं स्वच्छता प्रभारी श्री अल्पना श्रीवास्तव उपस्थित रही। स्थानीय नागरिको ने इस अभियान की प्रशंसा की एवं इसे नगर वासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। नगर निगम के अन्तर्गत 04 जोनो से हाउस टैक्स व वाटर टैक्स की कुल धनराशि 1,15,757 /–रुपये प्राप्त की गई।

2– नगर आयुक्त महोदय ने आज दिनांक 23.11.2020 को अमृत योजना के अन्तर्गत फेज–1 जोन 6बी के निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक के लिये मो0 रेती में दबा नाला के पास नलकूप के लिये भूमि पूजन किया। उ0प्र0 जल निगम के द्वारा नगर निगम के अन्तर्गत मो0 रेती के पास बन रहे ओवरहेड टैंक के इस नलकूप से लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं को पेयजल का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता,सहायक अभियंता जल श्री पी0के0 सिंह,अधिशासी अभियंता ई0 श्री उमेश गुप्ता,जे0ई0 श्री हरेन्द्र कुमार व सौरव उपस्थित रहे।

3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 23.11.2020 को मिशन शक्ति के अन्तर्गत एक विशाल रैली आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी द्वारा विकास भवन से रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना रवाना किया गया। जिसमें नगर के स्कूलों के छात्राओं एवं नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिशन शक्ति के अन्तर्गत रैली निकालकर लागो को महिला सशक्तिकरण के लिये नारी सम्मान,नारी स्वालम्बन हेतु जागरुक किया गया। जिलाधिकारी महोदय के साथ मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा एवं डी0सी0 श्री विनय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर

Generated by CamScanner